पत्रिका

facebook
Create a facebook profile Sign up for free today! Sign Up

0 Tweet 0 Like 0 +1

Open full page

payupaisa
...EE
...NT GATEWAY
...ERO
...nsaction
...harges
+
NO
...st Setup Cost
...ail Now
...L CREDIT
...DEBIT CARDS /
...BANKING

अफसरों की लापरवाही : न यात्रियों की कमी न किराया कारण, फिर भी ट्रेन उपेक्षित

हमसे छिन सकती है डबल डेकर

गोवा-मुंबई के बीच डबल डेकर का ट्रायल शुरू कराने भोपाल-इंदौर डबल डेकर के अतिरिक्त कोच ले जाने की रेलवे की कवायद राजधानी के लोगों से यह सौगात छीन सकती है। इसके पीछे रेलवे डबल डेकर ट्रेन को कम यात्री मिलने का कारण बता रही है।

भोपाल

cityreporter.bhopal@patrika.com

भोपाल व इंदौर के बीच बस, ट्रेन व अन्य माध्यमों से रोजाना 15 हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही हो रही है। स्पष्ट है कि यात्रियों की तंगी नहीं है। दोनों प्रमुख शहरों के लिए चल रही वॉल्वो बस व टैक्सी का किराया भी डबल डेकर ट्रेन के किराए के समान यानि 300 रुपए से 350 रुपए तक है। ऐसे में यदि यह महत्वपूर्ण ट्रेन शहर या प्रदेश के बाहर किसी अन्य रूट पर जाती है तो इसका सबसे बड़ा कारण ट्रेन किराए से लेकर भोपाल-इंदौर के बीच इसकी टाइमिंग तय करने में की रेलवे की चूक ही रहेगा। जानकारी के अनुसार रेलवे को गोवा-मुंबई के बीच डबल डेकर ट्रायल शुरू करना है, जिसके लिए भोपाल की डबल डेकर के अतिरिक्त कोच ले जाने की कवायद की जा रही है। ट्रायल सफल होने के बाद आशंका है कि पूरा रैक ही मुंबई शिफ्ट कर दिया जाए। ऐसे इस महत्वपूर्ण ट्रेन के बंद होने की स्थिति बनेगी। हालांकि इस पर फिलहाल कोई खुलकर नही बोल रहा। फिलहाल हबीबगंज से शुरू होने वाली ट्रेन वाया मक्सी, देवास होकर इंदौर जाती है, जबकि भोपाल से यह ट्रेन वाया मक्सी, उज्जैन, देवास होकर इंदौर जाती है। इसमें यात्रियों के लिए 11 कोच रखे गए हैं। प्रतिकोच क्षमता 120 यात्री है।

अन्य ट्रेनों में सीटें फुल

इंदौर-भोपाल के जिस रूट पर यात्रियों की कम संख्या बताकर डबल डेकर ट्रेन की सौगात छीनने की कोशिश की जा रही है, उसपर अन्य श्रेणी की ट्रेन व वाहनों की सीटें फुल जा रही है।

ट्रेन	भोपाल से	इंदौर से
नर्मदा एक्सप्रेस	सुबह 4:25	शाम 5:15
ओवरनाइट	सुबह 5:50	शाम 5:40
मालवा एक्स.	सुबह 7:40	दोपहर 12:25
पंचवैली पैसे.	सुबह 8:55	दोपहर 1:00
इंटरसिटी एक्स.	शाम 4:50	सुबह 6:30
भोपाल इंदौर पैसे.	रात 11:45	रात 11:45

यह किराया पड़ रहा भारी

- न्यूनतम किराया 290 रुपए है। यदि हबीबगंज से भोपाल तक भी सफर करना है तो किराया 290 रुपए देना होगे।
- अधिकतम किराया 390 रुपए है। हबीबगंज से इंदौर तक का किराया 355 रुपए है, जबकि भोपाल से इंदौर का किराया 390 रुपए है।

बस हर घंटे, सीट फुल

अटल इंदौर ट्रांसपोर्ट की चार वॉल्वो बसों के बाद भोपाल की बीसीएलएल ने भी चार बसें भोपाल और इंदौर के बीच शुरू की। आठ बसें दोनों शहरों से यात्रियों को हर घंटे सुविधा प्रदान करती है। इनकी सभी सीटें फुल रहती है। यात्रियों को पहले से ही सीट आरक्षित कराना पड़ती है। ये यात्रियों से 300 से 350 रुपए तम का किराया लेती है, लेकिन यात्रियों की दिक्कत नहीं होती।

रोजाना तीन लाख का डीजल

फुल एसी डबल डेकर के प्रतिदिन डीजल खर्च तीन लाख रुपए बन रहा है। बीते 68 दिन में यह ट्रेन 2.40 करोड़ रुपए का डीजल पी गई। जबकि अब तक 27 हजार 200 यात्रियों किराए के तौर पर

इनका कहना है

डबल डेकर में फिलहाल यात्री तो कम है ही। कुछ कोच जो हबीबगंज स्टेशन पर है, जो उपयोग नहीं आ रहे, उन्हें मुंबई भेजा जा रहा है। फिलहाल तो यही प्लानिंग है, आगे क्या होगा कह नहीं सकते।

राजीव चौधरी, डीआरएम, भोपाल

इंदौर भोपाल के बीच यात्रियों की अच्छी संख्या है। रोजाना दोनों ओर से 12 से 15 हजार यात्रियों की आवाजाही करते हैं। टैक्सी व वॉल्वो में 300 रुपए तक किराया देने को भी तैयार रहते हैं।

सुनील नोतानी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, ट्रैवल एसोसिएशन ऑफ इंडिया

Add a comment...
Comment using...
Facebook social plugin